वर्ष - 01 | अंक - 85 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 11 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

RNI No. : RJHIN/25/A0890

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....



फोटो साभारः शशांक तम्बोली

# तालाब की ठंडी सांसें, किले की गरिमा - माण्डलगढ़ का अनोखा संगम

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

**(कपिल श्याम विजय )** मांडलगढ़ की इस सुंदर तस्वीर में नीचे फैला जालेश्वर तालाब, उसके किनारे बसी आबादी और ऊपर पहाड़ी पर बसा ऐतिहासिक दुर्ग साफ दिखाई दे रहा है। यह दृश्य केवल प्रकृति की खूबसूरती ही नहीं, बल्कि इतिहास और सभ्यता का आईना भी है। तालाब क्षेत्र की जीवनरेखा है, जो लोगों को एक समय जल उपलब्ध कराता रहा है और आसपास की हरियाली को संजोए रखता है। दूसरी ओर पहाड़ी पर खड़ा दुर्ग राजस्थान के वीर इतिहास और स्थापत्य कला की गवाही देता है। पानी और पत्थर का यह संगम मांडलगढ़ को एक अलग ही पहचान देता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि तालाब और किले का यह नजारा उनकी सांस्कृतिक धरोहर और रोज़मर्रा की जिंदगी दोनों का हिस्सा है। शांत जल और सुदृढ़ किला, मिलकर इस क्षेत्र की कहानी बयां करते हैं - जहां प्रकृति और इतिहास दोनों साथ-साथ सांस लेते हैं।

# नेपाल हिंसाः राजस्थान के विधायक और पर्यटक फंसे, सरकार कर रही हरसंभव प्रयास

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

नेपाल में 8 सितंबर से भड़की हिंसा ने हालात बिगाड़ दिए हैं। राजधानी काठमांडू से लेकर कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के उपद्रव के चलते घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बंद हैं, जिसके कारण भारत के हजारों पर्यटक वहां फंस गए हैं। इनमें राजस्थान के लोग भी शामिल हैं। बयाना की निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत और उदयपुर के पूर्व पार्षद अनिल सिंघल का परिवार भी सुरक्षित वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है।

## विधायक ऋतु बनावत काठमांडू में फंसीं

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधायक ऋतु बनावत के नेपाल में फंसे होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भारतीय



दूतावास के संपर्क में है और जल्द से जल्द निकासी की प्रक्रिया शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## उदयपुर के 35 पर्यटक पोखरा में अटके

पूर्व पार्षद अनिल सिंघल ने बताया कि वे 5 सितंबर को पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन के लिए काठमांडू पहुंचे थे। वापसी की फ्लाइट 12 सितंबर को थी, लेकिन उड़ानें रद्द होने से वे और उनके साथ आए 35 लोग पोखरा के एक होटल में ठहरने को मजबूर हैं। पोखरा, काठमांडू से करीब 500 किलोमीटर दूर है।

## काठमांडू में हिंसा और अव्यवस्था

अब तक नेपाल में 20 लोगों की मौत हो चुकी है और कई सरकारी इमारतें जला दी गई हैं। पुलिस और प्रशासन के पीछे हटने के बाद सेना ने मोर्चा संभाला है। हालात आंशिक रूप से काबू में हैं,



लेकिन पर्यटकों में दहशत का माहौल कायम है।

## सीएम भजनलाल ने की धैर्य बनाए रखने की अपील

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने फंसे लोगों को दूतावास के हेल्पलाइन नंबरों से जुड़े रहने और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

# सड़कों पर गूंजा किसान और आम जनता का दर्द, कांग्रेस ने कोटा में सरकार को घेरा





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**

राजस्थान के कोटा में कांग्रेस ने प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में जोरदार जनआक्रोश रैली आयोजित की। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हालात, किसानों की क्षतिपूर्ति में देरी, बेरोजगारी और स्मार्ट मीटर विवाद को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। रैली में पार्टी के वरिष्ठ नेता खुली जीप में कलेक्ट्रेट सर्किल तक पहुंचे और जनता की समस्याओं को आवाज़ दी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने कहा कि पिछले दो महीनों में कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ और पाली सहित प्रदेश के आधे से अधिक जिले जलमग्न हो गए, लेकिन सरकार इस संकट को गंभीरता से नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री जनता की पीड़ा सुनने के बजाय हंसी-मज़ाक में व्यस्त हैं, जबकि प्रशासन संकट के दौरान लोगों की मदद करने में नाकाम रहा।

कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने कहा कि वे तानाशाही और वोट चोरी की प्रवृत्ति पर लगाम लगाएंगे और जनता के सामने सरकार के असली चेहरे को उजागर करेंगे। वहीं धीरज गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में वास्तविक शासन नहीं हो रहा, अधिकारी हावी हैं और किसान व बेरोजगार आज भी न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा, एआईसी सचिव धीरज गुर्जर, प्रहलाद गुंजल, फतेहपुर विधायक हाकम अली खान, कोटा जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, पूर्व विधायक रामनारायण मीणा, राखी गौतम समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# बाढ़ और फसल नुकसान पर कांग्रेस ने खोला मोर्चा, धीरज बोले 19 से शुरू होगा जन अधिकार आंदोलन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अतिवृष्टि और खराब फसलों से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस द्वारा फसल मुआवजा जन अधिकार आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। जो 19 सितंबर को खटीक छात्रावास, अहिंसा सर्किल में होगा, जिसके बाद शहर में जन अधिकार यात्रा निकालकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरेज गुर्जर ने कहा कि भारी बारिश के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं, लेकिन सरकार अब तक उनकी पीड़ा सुनने में नाकाम रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष के नुकसान का मुआवजा अभी तक नहीं मिला और राजनीतिक भेदभाव के चलते कांग्रेस से जुड़े किसानों व सरपंचों के साथ अन्याय किया जा रहा है। गुर्जर ने चेतावनी दी कि कांग्रेस किसानों की आवाज़ को दबने नहीं देगी और इस आंदोलन के माध्यम से सरकार को उनकी मांगे मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, महिला जिला अध्यक्ष रेखा, हिरण मंजू पोखरना, राजेश चौधरी और पूर्व विधायक गायत्री देवी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



# आम चौखला कोटड़ी गुर्जर समाज ने किया विधानसभा का भ्रमण

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)**

**जहाजपुर**-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा की पहल पर गुर्जर समाज आम चौखला कोटड़ी के विभिन्न गांवों व ढाणियों से आए प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा का भ्रमण किया। प्रतिनिधियों ने विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा और संसदीय व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा और मंडल अध्यक्ष प्रह्लाद सेन के साथ प्रतिनिधि मंडल



में रामस्वरूप गुर्जर, भेरूलाल सरपंच रासेड़, प्रेमशंकर गुर्जर, उदयलाल गुर्जर, भेरूलाल फलासेड़, शंकरलाल नृसिंहजी का झोपड़ा, उदयलाल गुर्जर कल्याणपुरा, सांवरलाल गुर्जर खेजड़ी, किशनलाल गुर्जर सांखड़ा, भवरलाल, प्यारचंद गुर्जर छापडेल, सीताराम गुर्जर सांखड़ा, राजू गुर्जर फलासेड़, दुर्गाशंकर गुर्जर सांखड़ा, जमनालाल गुर्जर, भगवानलाल गुर्जर, श्यामलाल गुर्जर सांखड़ा, सत्यनारायण, देवीलाल, सांवरलाल, भोजराज, भंवरलाल, महेंद्र, रामस्वरूप गुर्जर सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

## 69वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आगाज

### 273 खिलाड़ी ले रहे भाग, श्यामपुरा विद्यालय में आयोजित





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**(मानव तिवाड़ी)** 17 से 19 वर्षीय छात्र वर्ग की 69वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा में हुआ। खेलों के प्रति उत्साहजनक माहौल में हुए उद्घाटन समारोह में विधायक प्रतिनिधि व समाजसेवी जगदीश चन्द्र खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा ने की। समारोह को संबोधित करते हुए खंडेलवाल ने खिलाड़ियों से खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने और बेहतर प्रदर्शन का आह्वान किया। अध्यक्ष बंजारा ने कहा कि कबड्डी हमारे देश का परम्परागत खेल है और गांवों व स्कूलों से निकलने वाली नई प्रतिभाएं ही भविष्य में भारत का नाम रोशन करेंगी।प्रतियोगिता में छात्र वर्ग के कुल 273 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन के लिए जिला प्रतियोगिता संयोजक व शारीरिक शिक्षक मदनलाल खटीक को मुख्य तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया गया है। वहीं, 28 निर्णायकों और 24 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उद्घाटन अवसर पर विशिष्ट अतिथि रघुवीर सिंह शक्तावत, अनिल कुमार पारीक, विनोद ओस्तवाल, मनोज गोधा , भगवान सिंह शक्तावत, महावीर चौधरी, विट्ठल तिवारी सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच का अतिथियों ने अवलोकन किया । प्रधानाचार्य नीतू खटवालिया ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

# फैक्ट्री द्वारा केमिकलयुक्त पानी छोड़ने के विरोध में ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पंकज पोरवाल** । हमीरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री द्वारा केमिकल युक्त प्रदूषित पानी छोड़ने के विरोध में ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उन्होंने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए फैक्ट्री द्वारा अनैतिक तरीके से पानी और धुआं छोड़ने का आरोप लगाया और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीण किशन कीर और गोदु लाल ने बताया कि सोना प्रोसेस



फैक्ट्री के कारण आस-पास के गांवों की खेती प्रभावित हुई है और कुओं में बदबूदार पानी भर गया है। पहले भी कई पशुओं की अकाल मृत्यु इसी प्रदूषित पानी के कारण हुई थी। उन्होंने कहा कि पूर्व में तहसीलदार, थानाधिकारी और प्रदूषण मंडल को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में नदी-नाले उफान पर होने के कारण फैक्ट्री मालिक रात्रि में केमिकल युक्त पानी नालों के जरिए नदी में छोड़ रहे हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर से पानी रोकने और फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ।

## खेतों में खिंच रही 132 केवी लाइन पर किसानों का गुस्सा फूटा, खंभों पर चढ़े ग्रामीण, प्रशासन को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हमीरगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के रीको एरिया स्थित संगम फैक्ट्री के लिए खींची जा रही 132 केवी हाइटेंशन लाइन किसानों के लिए बड़ा विवाद बन गई है। बुधवार को आक्रोशित किसानों ने खेतों में खड़े बिजली के खंभों पर चढ़कर विरोध जताया और घंटों तक प्रशासन तथा फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की । अचानक हुई इस घटना से मौके पर तनाव का माहौल बन गया।

किसान कैलाश बारेठ खेत में लगे खंभे पर चढ़ गया और करीब तीन घंटे तक उस पर लटका रहा। इसी तरह विरोध कर रहे गोविन्द सालवी और दुर्गालाल लोहार भी ऊपर चढ़ गए। सूचना पर उपखण्ड अधिकारी झंवरलाल मित्तल, तहसीलदार भंवरलाल सेन और आईपीएस माधव उपाध्याय मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लंबी समझाइश और प्रयासों के बाद किसानों को सुरक्षित नीचे उतारा।



ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जमीन पहले से ही सीमित है और अब खेतों के बीच जबरन खंभे गाड़ने से कृषि योग्य भूमि और कम हो जाएगी। किसानों का आरोप है कि प्रसारण निगम और फैक्ट्री प्रबंधन नाममात्र का मुआवजा देकर उनकी जमीन छीनना चाहते हैं। वे कई बार जिला कलेक्टर और विधायक लादूलाल पितलिया तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। किसानों का साफ कहना है कि उन्हें मुआवजा नहीं बल्कि अपनी जमीन बचानी है। यदि जबरन कार्य बंद नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे ।

# मांडलगढ़ में फसल खराबे पर किसानों की मुआवजे की मांग, रैली निकाल सौंपा ज्ञापन





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

लगातार बारिश और अतिवृष्टि से मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के किसानों की खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। खेतों में पानी भरने से खरीफ की सोयाबीन, मक्का, मूंग, उड़द, दलहन और तिलहन फसलें नष्ट हो गईं, जिससे किसानों पर आजीविका का संकट गहरा गया है। प्रभावित किसानों ने बुधवार को कस्बे में रैली निकालकर उपखंड कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि दीपावली से पहले मुआवजा नहीं दिया गया तो किसानों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी। पंचायत समिति प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा ने कहा कि कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों के सामने यह आपदा और गंभीर संकट लेकर आई है। सरकार को तत्काल सर्वे कर उचित मुआवजा घोषित करना चाहिए ताकि किसान परिवार का भरण-पोषण कर आगामी रबी की बुवाई कर सकें।

किसानों का आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद प्रशासन ने अब तक नुकसान का सर्वे तक नहीं कराया। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर राहत पैकेज न मिलने पर किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति पर किसानों को करीब एक घंटे तक धूप में नारेबाजी कर प्रदर्शन करना पड़ा। बाद में पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह के फोन पर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और किसानों का ज्ञापन लिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान कन्हैयालाल जाट, विधायक प्रत्याशी भेरूलाल गुर्जर, कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह, भवानी शंकर शर्मा, पंचायत समिति सदस्य धनराज जाट, सरपंच रामजस दाधीच, सरपंच प्रतिनिधि मोतीलाल जाट, मुकेश खटीक सहित कई जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी और किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गेंदलिया में दो घरों में चोरी, नगदी व लाखों के जेवरात पार





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती गेंदलिया गांव में मंगलवार देर रात चोरों ने दो मकानों को निशाना बनाते हुए नगदी सहित लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ितों की रिपोर्ट पर बड़लियास थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित राधेश्याम पुत्र मदनलाल बांगड़ ने रिपोर्ट दी कि रात को चोरों ने उनके सूने मकान का गेट तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने दो कमरों के ताले तोड़कर अलमारी व बक्से से 60 हजार रुपये नगद, दो तोला सोने की चैन व अंगूठी, करीब एक किलो चांदी के सिक्के, पायजेब व बिछुड़ियां चोरी कर लीं। घटना के समय परिवार भीलवाड़ा स्थित मकान में था। इसी तरह गांव के ही भैरू पुत्र नंदा रेगर के मकान में चोर आधा किलोमीटर दूर से सीढ़ी लाकर पीछे के रोशनदान से घुसे और वहां से डेढ़ किलो की दो चांदी की करगती, आधा किलो का छड़ा व पायजेब, करीब 10 ग्राम सोने के रामनवमी व मांदलिया, तथा 200 ग्राम बच्चियों के चांदी के पायजेब चुराकर ले गए। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।




**QUICK BITES**

## रोजगार सहायता शिविर में 319 अभ्यर्थियों का हुआ प्रारंभिक चयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय की ओर से बुधवार को आईटीआई परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक के.के. मीणा, आईटीआई के संयुक्त निदेशक फैजल खान, जिला रोजगार कार्यालय के उप निदेशक मुकेश गुर्जर एवं जिला कौशल समन्वयक ललित चौधरी ने किया।

शिविर में कुल 12 निजी नियोजकों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लिए। इस दौरान कुल 319 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। आयोजन से युवाओं में उत्साह देखा गया और चयनित अभ्यर्थियों ने रोजगार के अवसर के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## किसान केसरी संघ ने शाहपुरा में एडीएम को सौंपा ज्ञापन, मुआवजे की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




किसान केसरी संघ ने क्षेत्र में अतिवृष्टि से नष्ट हुई खरीफ फसलों और किसानों की समस्याओं को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ओझा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में फसलों के 100 प्रतिशत नुकसान का मुआवजा, बीमा राशि का शीघ्र भुगतान, टूटे मकानों व कुओं के लिए राहत राशि और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की मांग की गई।

संघ ने प्रशासन से खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत, टोल टैक्स समाप्त करने, किसानों को लंबित पट्टे दिलाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लंबित खातेदारी नकल जोड़ने और पंचायत समिति से रुके भुगतान जारी करने की भी मांग उठाई।

संघ ने अपील की कि किसानों की समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई कर राहत दी जाए।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 17 सितंबर से लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर, गांव की चौखट पर मिलेंगी सरकारी योजनाएं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

प्रदेश सरकार की पहल पर जिलेभर में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन 17 सितंबर से किया जाएगा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ और सशक्त बनाना है। शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सीधे गांव में ही उपलब्ध कराया जाएगा।

पूर्व में संचालित ÷गांव चलो अभियान÷ को नया स्वरूप देते हुए अब इसे ÷ग्रामीण सेवा शिविर÷ नाम दिया गया है। इन शिविरों में राजस्व, पंचायत राज, ग्रामीण विकास, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि, ऊर्जा, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभाग भागीदारी करेंगे।



शिविरों में राजस्व प्रकरणों का निस्तारण, प्रमाण पत्र जारी करना, किसान गिरदावरी, बीपीएल सर्वे, पेंशन योजनाएं, पीएमजेवाई कार्ड वितरण, टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य शिविर, बीज वितरण, बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

कलक्टर ने कहा कि इन शिविरों से हर पात्र ग्रामीण तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंच सकेगा और पारदर्शिता व सुशासन को मजबूत आधार मिलेगा।

# एसएससीआई भर्ती चयन परीक्षा आज से 26 सितंबर तक जिलेभर में होगी आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले के ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का अवसर मिलने जा रहा है। जिला प्रशासन के सहयोग से एवं गृह मंत्रालय एनडीआरएफ के तहत भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती चयन परीक्षा का आयोजन 11 से 26 सितंबर तक तहसील स्तर पर किया जाएगा।

भर्ती अधिकारी रामेश्वर लाल प्रजापति ने बताया कि परीक्षा का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम के अनुसार 11 सितंबर को रा.उ.मा.वि. कोटड़ी, 12 को जहाजपुर, 13 को शाहपुरा, 14 को बनेड़ा, 15 को गुलाबपुरा, 16 को हुरड़ा, 17 को आसींद, 18 को करेड़ा, 19 को रायपुर, 20 को सहाड़ा, 21 को मांडल, 22 को मांडलगढ़, 23 को बिजौलिया, 24 को सुवाणा, 25 को हमीरगढ़ तथा 26 सितंबर को रा.उ.मा.वि. प्रतापनगर में भर्ती चयन परीक्षा आयोजित होगी।




प्रजापति ने बताया कि भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी की लंबाई 168 सेमी, वजन 56 से 90 किलो तथा आयु 19 से 40 वर्ष होना अनिवार्य है। न्यूनतम योग्यता दसवीं उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण एवं स्नातक तक रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को फिजिकल टेस्ट के बाद रजिस्ट्रेशन कर एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके उपरांत उन्हें 65 वर्ष की आयु तक नौकरी दी जाएगी। भर्ती के बाद उम्मीदवारों को पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, बीमा, सालाना वेतन वृद्धि, आवास एवं मैस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रारंभिक वेतनमान 15 हजार से 25 हजार रुपये मासिक निर्धारित है। प्रशिक्षण उपरांत नियुक्तियां औद्योगिक क्षेत्र, मल्टीनेशनल कंपनियों, चित्तौड़गढ़ व कुम्भलगढ़ किला, मेट्रो, हवाई अड्डा और बंदरगाहों पर दी जाएंगी।

# आकोला पुलिया का कटाव, आवागमन बंद : पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारिक** । कस्बे के निकट बह रही बनास नदी पर बनी वर्षों पुरानी पुलिया पानी के तेज बहाव को नहीं झेल पाई। पुलिया के नीचे बनी सुरक्षा दीवार ढह जाने से करीब 300 फीट का कटाव हो गया। पुलिया क्षतिग्रस्त होने के चलते प्रशासन ने दोनों ओर अवरोधक लगाकर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया है। मंगलवार को भी नदी का पानी पुलिया से नीचे बह रहा था, लेकिन रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने इस समस्या से कोटड़ी





तहसीलदार को अवगत कराया। इसके बाद तहसीलदार ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजा। सहायक अभियंता ऋषिकांत बैरवा ने मंगलवार को पुलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आवश्यक मरम्मत कार्य कर पुलिया पर आवागमन शुरू कराया जाएगा।

# भीलवाड़ा के 141 जनजातीय गांवों में पहुंचेगी विकास की नई रोशनी, आदि कर्मयोगी अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जनजातीय अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत सरकार के आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 7 ब्लॉकों के 141 गांवों में 17 विभागों की 25 योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचेगा। बुधवार को आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर अधिकारियों ने गांवों तक योजनाओं की पहुंच और पारदर्शी क्रियान्वयन को लेकर मार्गदर्शन दिया।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में चले प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एसीईओ मधुसूदन रतनू, पीएचईडी एक्सईएन अंकित सारस्वत, आईसीडीएस उपनिदेशक नागेंद्र तोलम्बिया, चिकित्सा विभाग के डॉ. शर्मा और क्षेत्रीय वन अधिकारी विमल रेगर ने प्रतिभागियों को योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति पर विस्तृत जानकारी दी।

जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुआ यह अभियान जनजातीय गांवों में उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करने की राष्ट्रीय योजना है। इसके तहत प्रत्येक चयनित गांव में 20 जिम्मेदार व्यक्तियों को आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी के रूप में तैयार किया जाएगा।

अभियान के तहत ग्रामसेवक, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रधानाध्यापक और पशुधन सहायक आदि कर्मयोगी के रूप में कार्य करेंगे। वहीं, गांव के युवा, शिक्षक, डॉक्टर,



सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नेतृत्व आदि सहयोगी और आदि साथी की जिम्मेदारी निभाएंगे। हर गांव में स्थापित आदि सेवा केंद्रों पर सप्ताह में एक दिन विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक्सईएन रामलाल भील, योजना कार्मिक मनीष भट्ट, गिरिराज व्यास, निरंजन बुलिया, गिरिराज गुजराती, गोविंद शर्मा, दिनेश नायक, लक्ष्मण कटवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

# नैनो उर्वरक महाअभियान कार्यशाला आयोजित , अधिकारियों को दी ट्रेनिंग

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

( राजेंद्र बबलू पोखरना )



नैनो उर्वरक उपयोग महाअभियान के तहत बुधवार को कृषि विभाग की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें कृषि अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग और लाभों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि नैनो उर्वरक दानेदार खाद की तुलना में 90 से 95 प्रतिशत तक पौधों द्वारा अवशोषित होते हैं, जिससे प्रदूषण बेहद कम होता है। नैनो डीएपी का बीज उपचार और फसल पर छिड़काव करने से किसान आधी मात्रा में ही उर्वरक का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही ड्रोन से छिड़काव की तकनीक को भी लाभकारी बताया गया।

इस दौरान संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार विनोदकुमार जैन, डॉ. एपी सिंह वरिष्ठ प्रबंधक इफको जयपुर और सहायक निदेशक प्रकाश खटीक मौजूद रहे। संचालन लालाराम चौधरी उप क्षेत्र प्रबंधक, इफको ने किया।

जैन ने कहा कि कृषि अधिकारियों को चाहिए कि वे किसानों तक नैनो उर्वरकों की सही जानकारी पहुँचाएं, ताकि खेतों में इनका अधिकतम उपयोग हो सके।

# मानसिक स्वास्थ्य पर जोर, आत्महत्या रोकथाम पर विशेष जागरूकता

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र थलकलां में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत, आत्महत्या की बढ़ती चुनौतियों और काउंसलिंग की जरूरत पर विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चांदमल शेर ने कहा कि समय पर पहचान, उपचार और परामर्श से आत्महत्या जैसे गंभीर कदमों को रोका जा सकता है। परिवार और समाज को मानसिक तनाव झेल रहे लोगों के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार अपनाना चाहिए।

ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के सुझावों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुभमा सरण, सुनीता मीणा, आशा सहयोगिनी सत्यवती पराशर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम शर्मा समेत कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# साध्वी राजकीर्तिजी म.सा के 9 उपवास की अनुमोदना, श्रद्धालुओं ने किया भव्य अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में बुधवार को दिवाकर कमला दरबार में साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. के 9 उपवास तप की अनुमोदना महोत्सव धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम में श्रावक-श्राविकाओं सहित साध्वी मंडल और साध्वी राजकीर्तिजी के परिजनों ने तप की अनुमोदना कर भक्ति की धारा प्रवाहित की।

महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने धर्मसभा में बुधवार के महत्व पर प्रवचन देते हुए कहा कि यह दिन गौतमस्वामी और भगवान गणपति को समर्पित है, जिसकी आराधना से रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है। प्रवचन के बाद स्वर साम्राज्ञी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ निवासी अनुपमा बोहरा ने 22 उपवास का प्रत्याख्यान ग्रहण किया। साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. के सानिध्य में महिला मंडल ने नाटिका और कन्या मंडल ने नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में साध्वी राजकीर्तिजी के सांसारिक परिजनों सहित जोधपुर, चित्तौड़गढ़, पाली, बेंगलुरु आदि स्थानों से आए अतिथियों का समिति की ओर से स्वागत किया गया। संचालन अनिल कोठारी ने किया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा से सीखें शांति और सफलता के सूत्र: डॉ. एस.एन. रंजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भारत विकास परिषद विवेकानंद संस्था की साधारण सभा की बैठक में शांति, सकारात्मकता और भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर जोर दिया गया। मुंबई के ध्यान योग विशेषज्ञ डॉ. एस.एन. रंजन ने कहा कि वास्तविक सफलता तभी सार्थक होती है जब वह शांति के साथ हासिल की जाए। उन्होंने ध्यान और योग के अभ्यास, चंद्र-और सूर्य स्वर के समय भोजन, लंबी और गहरी सांस लेने जैसी तकनीकों पर प्रकाश डाला और सभी को सुबह-शाम ध्यान करने की सलाह दी।

डॉ. रंजन ने भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्धि और सकारात्मक कर्म करने के महत्व पर भी जोर दिया। बैठक में प्रांतीय संरक्षक, कार्यक्रम संयोजक और शाखा के सदस्य उपस्थित रहे । परिषद की ओर से आगामी 21 सितंबर को एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# पैरोल से फरार 20 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला स्पेशल टीम डीएसटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपये के इनामी और तीन साल से फरार चल रहे अपराधी को गिरफ्तार किया है । आरोपी पर अवैध मादक पदार्थ तस्करी सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं और वह स्थायी वारंटी भी है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर गठित टीम को सूचना मिली कि वांछित आरोपी जमनालाल जाट (38), निवासी सौपुरा जाटों का, थाना बडलियास अपने गांव के आसपास दिखाई दिया है। इस पर टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जमनालाल वर्ष 2022 से थाना कोटड़ी में दर्ज प्रकरण में स्थायी वारंटी था। वह पिचियाक जेल जोधपुर से पैरोल पर निकलने के बाद से फरार चल रहा था। फरारी के दौरान भी उसने नशे की तस्करी में लिप्त रहते हुए हनुमानगढ़ में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज करवा लिया।

टीम ने आरोपी को कोटड़ी पुलिस को सुपुर्द किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## QUICK BITES

### कुमावत को संस्कृत में पीएचडी की उपाधि

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(पेसवानी)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा के संस्कृत अध्यापक परमेश्वर प्रसाद कुमावत को संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा ने संस्कृत भाषा में शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।

कुमावत ने श्रीसंस्कृतदोहा सप्तशती एवं साहित्यसुधासौहित्यम पर डॉ. रजनीश शर्मा के निर्देशन में शोध कार्य किया। उनके शोध में कवि पंडित सत्यनारायण शास्त्री अजमेर की कृतियों का तुलनात्मक व समीक्षात्मक अध्ययन शामिल है।

राजस्थान स्तर पर शिक्षक सम्मान प्राप्त कर चुके कुमावत मूलतः सांगरिया के निवासी हैं। वे संस्कृतानुरागी, कवि, लेखक व पर्यावरण प्रेमी होने के साथ ही कई सामाजिक और शैक्षिक मंचों से जुड़े रहे हैं।

### प्रतिभा बनी वैश्य फेडरेशन महिला संगठन की प्रदेश मंत्री

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



वैश्य समाज में सक्रिय योगदान और नेतृत्व क्षमता के लिए प्रतिभा मानसिंहका को वैश्य फेडरेशन महिला संगठन का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है।

प्रतिभा मानसिंहका लंबे समय से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं, खासकर महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के क्षेत्र में। इस नई जिम्मेदारी के साथ उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगी। वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों ने उनकी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त की और उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मबल का संचार

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर



राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के आत्मविश्वास और आत्मबल को मजबूत करने के उद्देश्य से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिक्षा जागरवाल ने कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं से आत्मबल और अटूट संकल्प शक्ति के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

केंद्र प्रभारी सुनीता देवी मीणा ने बताया कि 24 दिवसीय इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को स्वस्थ, सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। प्रथम बैच में 50 छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा और महिला पुलिस कर्मी आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगी।

### सम्पर्क पोर्टल पर विभागवार लंबित परिवादों की समीक्षा 12 सितंबर को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज विभागवार लंबित परिवादों की समीक्षा बैठक 12 सितंबर को शाम 4 बजे आयोजित होगी। यह बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में होगी। सहायक निदेशक लोक सेवाओं ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित परिवादों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएंगे।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।